## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **सरकार आज लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक–2024 करेगी पेश, एनडीए ने सांसदों को लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए जारी किया व्हिप, यूपीए ने भी सांसदों को दिया निर्देश।**

2. **पश्चिमी सिंहभूम जिले में बाल सुधार गृह से 20 से अधिक बाल बंदी फरार, पुलिस बाल बंदियों की तलाश में जुटी।**

3. **झारखंड कर्मचारी चयन आयोग– जेएसएससी एक हजार सात सौ सत्रह बैकलॉग पदों पर जल्द करेगा नियुक्ति।**

4. **खूंटी जिले के रिमिक्स वाटर फॉल में डूबने से रांची के दो छात्रों की मौत।**

5. **मौसम विभाग ने आज से चार अप्रैल तक राज्य के कई जिलों गर्जन और ओलावृष्टि के साथ बारिश का जताया अनुमान।**

*******************

वक्फ संशोधन विधेयक–2024 आज लोकसभा में पेश किया जाएगा। सरकार इस विधेयक पर चर्चा करने और पारित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार विधेयक पर सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार है।

भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के दलों– जेडीयू और तेलुगू देशम पार्टी ने भी ने अपने सभी सांसदों को लोकसभा में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। यूपीए ने भी अपने सभी सांसदों से लोकसभा में उपस्थित रहने को कहा है।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में कल शाम बाल सुधार गृह से 20 से अधिक बाल बंदी फरार हो गये। बाल बंदियों ने सुरक्षा कर्मियों पर हमला कर दिया और गेट का ताला तोड़कर फरार हो गए।घटना के बाद प्रशिक्षु आइपीएस निखिल राय, बहामन टुटी, संदीप अनुराग टोपनो ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच शुरू की।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग– जेएसएससी एक हजार सात सौ सत्रह बैकलॉग पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी करेगा। राज्य सरकार को भेजी गयी रिपोर्ट के अनुसार जेएसएससी से आरक्षित एक हजार नौ सौ चार पदों पर नियुक्ति होनी थी। इनमें 153 पदों पर नियुक्ति हो चुकी है और 34 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। शेष पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। वहीं जेपीएससी से विभिन्न सेवाओं के लगभग 100 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

*******************

रांची के सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप मामले में 30 मार्च को हंगामा करने और पुलिस से झड़प करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई फिलहाल रोक दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में रांची पुलिस को निर्देश जारी किया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल पर्व पर झारखंड में दो दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित किया है। श्री सोरेन ने एक्स पर लिखा है कि पिछले कई वर्षों से सरहुल के अवसर पर दो दिन के राजकीय अवकाश की मांग उठ रही थी।

******************

खूंटी जिले के प्रसिद्ध रिमिक्स वाटरफॉल में डूबने से रांची जिले के दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों युवक अपने दोस्तों के साथ रिमिक्स फॉल घूमने गये थे। मृतकों में रांची के खेलगांव का रोलेन तिर्की और जेम्स सांगा शामिल है। खूंटी डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि फॉल में डूबे दोनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है।

******************

देवघर जिले के सारवां थाना अंतर्गत डकाय जंगल से दस साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से 10 मोबाइल फोन और 11 सिम बरामद किए गए हैं। डीआईजी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि पुलिस को साइबर अपराधियों की गुप्त सूचना मिली थी।

******************

पलामू टाईगर रिजर्व प्रबंधन ने जंगलों को बचाने की दिशा में अनूठी पहल की है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

******************

जेइइ मेन के दूसरे चरण की परीक्षा आज से राज्य के विभिन्न जिलों में शुरू हो रही है। पहली पारी की परीक्षा सुबह नौ बजे से 12 बजे तक जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक चलेगी। परीक्षा नौ अप्रैल तक आयोजित होगी।

******************

- हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र के हथिया बाबा के पास सड़क हादसे में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक में आग लग गई। घटना में चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए।
- लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड के हामी गांव में 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आने से 15 वर्षीय एक नाबालिग की मौत हो गयी।
- राज्य के सरकारी स्कूलों में आज से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है। इधर, नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद भी बच्चों को समय पर पाठ्य–पुस्तकें नहीं मिली है।

******************

चैती छठ महापर्व के दूसरे दिन आज खरना अनुष्ठान होगा। देवघर, लातेहार समेत कई जिलों में नदी और तालाब में घाट बनाये जा रहे हैं। देवघर नगर निगम के नगर प्रबंधक प्रकाश मिश्रा ने बताया कि छठ पूजा को लेकर स्वच्छता के अलावा समुचित विद्युत प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है।

******************

रामनवमी के उपलक्ष में राजधानी रांची और हजारीबाग समेत कई जिलों में विभिन्न अखाड़ों की ओर से कल अंमित मंगलवारी जुलूस निकाला गया। परंपरागत हथियार से लैस राम भक्त सड़कों पर शौर्य प्रदर्शन कर जुलूस में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

******************

मौसम विभाग ने झारखंड के कई जिलों में आज से चार अप्रैल तक बारिश और ओलावृष्टि होने का पूर्वानुमान जारी किया है। आज पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा में गर्जन और वज्रपात होने की आशंका है। साथ ही मध्य भागों में 40–50 किमी की गति से तेज हवा की चलने की आशंका है।

******************

राउरकेला में आयोजित प्रथम ओपन राष्ट्रीय योगसान प्रतियोगिता में सरला बिरला यूनिवर्सिटी के दो विद्यार्थियों ने रजत और कांस्य पदक जीता है।

जमशेदपुर के टेल्को ग्राउंड में फाइनल मुकाबले में धनबाद की महिला क्रिकेट टीम ने जेएससीए अंतर जिला अंडर–19 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में सिमडेगा को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

******************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने सरहुल से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

**प्रभात खबर ने** मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– प्रकृति के संरक्षण और परंपरा के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लें।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– खड़ी मालगाड़ी को दूसरी मालगाड़ी ने टक्कर मारी, दो लोको पायलट की मौत।

**हिंदुस्तान** की खबर है– वक्फ बिल पर संसद में आज से होगा आर–पार।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– उत्पादन लक्ष्य को पाने के लिए कोल इंडिया खर्च करेगी 16 हजार 500 करोड।

**अंग्रेजी अखबार द टाईम्स ऑफ इंडिया ने** झारखंड में सरहुल में दो दिन की छुट्टी की घोषणा को पहले पेज पर जगह दी है।

******************